changes have been opened in the rural areas.

(2) NEC is being approached.

(3) It is proposed during 8th plan.

(4) This has been introduced.

(5) Directory of Guwahati telephone district has since been printed. Directories at the divisional level are under print.

मोटरयान उद्योग को रियायतों का प्रदान किया जाना

4480. **श्री मिर्जा इर्शादबेग :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में मोटरयान उद्योग की क्या स्थिति है; क्या यह उद्योग कमजोर पड़ता जा रहा है; इसके पुनरुद्धार संबंधी भावी योजनाएं क्या है ;

(ख) क्या मोटरयानों और उनके पुर्जों पर बिक्री कर और सीमा शुल्क में रियायत दिये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) मोटर वाहन उद्योग ने लगातार विकास किया है जैसा कि उत्पादन के निम्नलिखित आंकड़ो से देखा जा सकता है :

	1985-86	1986-87	1987-88
1. यात्री कारें	102804	124694	151875
2. दुपहिए	1188565	1387403	1436871
3. सभी वाणिज्यिक वाहन	100452	98982	110201

(ख) और (ग) ईंधन बचाने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों का निर्माण करने के लिए फालतू पुर्जों तथा अवयवों के आयात पर रियायती दर पर सीमा शल्क की सुविधा पहले ही उपलब्ध है। बिक्री कर में रियायत का मामला राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है।

हल्के तथा भारी वाणिज्यिक मोटर यानों का निर्यात

4481. **श्री मिर्जा इर्शादबेग :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1987-88 के वर्ष के दौरान हल्के तथा भारी कितने वाणिज्यिक मोटरयानों का किन-किन देशों को निर्यात किया गया और उससे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गयी ;

(ख) इस सम्बन्ध में भावी योजनाएं क्या हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में इस समय किन-किन देशों के आर्डर प्राप्त हुए हैं और प्राप्त हुए आर्डरों का ब्योरा क्या है ?